Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 ◻ अंक- 32 ◻ रायपुर, सोमवार 24 फरवरी 2025 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ब्रेकिंग न्यूज

पीएम मोदी भागलपुर में पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे

नई दिल्ली, 24 फरवरी (न्यूज चैनल)। देश के किसानों के लिए एक अच्छी खबर आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को बिहार के भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और 2025 के बिहार चुनावों से पहले एयरपोर्ट ग्राउंड में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री के साथ होंगे और रैली में करीब 5 लाख किसानों के शामिल होने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि का वितरण और एक जनसभा शामिल होगी। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, प्रधानमंत्री मोदी किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करेंगे।

भीषण हादसे में सात लोगों की मौत; टक्कर के बाद ट्रक और ऑटो तालाब में गिरे; सीएम नीतीश ने जताया शोक

नई दिल्ली, 24 फरवरी (न्यूज चैनल)। पटना में भीषण सड़क हादसा हुआ है। ट्रक और ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के दौरान ट्रक और ऑटो तालाब में गिर गये। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऑटो में लगभग 12 लोग सवार थे। इस दर्दनाक घटना में ऑटो में सवार सात की मौत हो गई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस को जेसीबी के जरिए सभी शवों को निकलना पड़ा। घटना मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नूरा बाजार की है। इधर, घटना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मसौढ़ी-नौबतपुर मार्ग पर स्थित धनौचक मोड़ के पास ट्रक और ऑटो में हुई टक्कर के बाद सात लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि नजदीक के गांव खराट से प्रत्येक दिन लोग मजदूरी करने के लिए पटना जाते थे और काम कर के देर रात अपने घर लौट आते थे। रविवार देर रात भी सभी लोग ऑटो में सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पितवांस की ओर से जा रहे ट्रक का एक्सेल टूट गया और गाड़ी असंतुलित होकर ऑटो से टकरा गई। इसके बाद दोनों वाहन थी तालाब में जा गिरे। घटना में बाद ऑटो के परखच्चे उड़ गई। हादसा इतना भीषण था कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इधर, लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही मसौढ़ी थानाध्यक्ष विजय यादवेंदु घटनास्थल पर पहुंचे और राहत बचाव में जुट गए। उन्होंने बताया कि नूरा बाजार के समीप ट्रक और ऑटो में टक्कर हुई है। सात लोगों की मौत हो गई है। सभी लोग मजदूरी कर घर लौट रहे थे। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

किसान नेता का एलान, 19 मार्च की वार्ता में नहीं निकला हल तो 25 मार्च को होगा दिल्ली कूच

नई दिल्ली, 24 फरवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली कूच को लेकर किसान नेताओं की रविवार को शंभू बॉर्डर पर हुई बैठक के बाद सोमवार सुबह एक बार फिर दोनों पक्षों के नेताओं की बैठक हुई। बैठक के बाद किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि फिलहाल 25 फरवरी को दिल्ली कूच का फैसला टाल दिया गया है। पंधेर ने कहा कि केंद्र सरकार से पहले दो मीटिंग हो चुकी हैं। अब 19 मार्च को फिर मीटिंग है। अगर उस मीटिंग में भी कोई हल नहीं निकलता तो 25 मार्च को 101 किसानों का जत्था दिल्ली कूच करेगा। यह फैसला किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक के नेताओं की बैठक में लिया गया। फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) समेत कई मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों के प्रतिनिधिमंडल और केंद्र सरकार के बीच शनिवार को चंडीगढ़ में हुई छठे दौर की बैठक भी बेनतीजा रही थी। बैठक करीब ढाई घंटे चली थी, लेकिन इसमें कोई समाधान नहीं निकला।

बिरादरी की बातें

चूहा- दिल्ली नगर निगम 12 हजार कर्मचारियों की अस्थायी नौकरी को पक्की कर रहा है। चुहिया- हां जी, अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत...।

छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र

ट्रिपल इंजन की सरकार राज्य में तेज गति से विकास कार्य करेगी: राज्यपाल डेका

रायपुर 24 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र का आज पहला दिन है, जहां राज्यपाल रमेन डेका ने अभिभाषण की शुरुआत की। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने पिछले 25 वर्षों में विकास के नए मील के पत्थर स्थापित किए हैं। इससे पहले कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित हुई।

राज्यपाल डेका ने कहा कि सरकार ने अपना एक वर्ष का कार्यकाल पूरा कर जनता के समक्ष अपनी उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया है। नगरीय निकायों में नई निर्वाचित संस्थाओं का गठन हो चुका है, और ट्रिपल इंजन सरकार राज्य में तेज गति से विकास कार्य करेगी। अपने संबोधन में राज्यपाल ने लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर जोर दिया और कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान खुशहाल हैं, वहीं प्रदेश के जनजातीय संग्राहकों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बस्तर में नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछला बजट समावेशी था, जिससे मोदी गारंटी को साकार किया गया। इस वर्ष का बजट भी कल्याणकारी और समावेशी होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि अटल बिहारी वाजपेयी के सभी संकल्पों को पूरा करने की दिशा में सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम करेगी। साथ ही, उन्होंने घोषणा की कि अगला विधानसभा सत्र नए भवन में आयोजित किया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आयोजित

छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आज विधानसभा के समिति कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में तीन युवकों में से एक की मौत, तो इधर धान से भरे ट्रक में लगी आग

सक्ती/दुर्ग, 24 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सक्ति और दुर्ग जिले में रविवार को दो बड़े हादसे हुए. सक्ती में पेड़ से टकराने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हुए, वहीं दुर्ग में धान से भरे ट्रक में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. समय रहते दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया. हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम मल्दा में बाइक सवार तीन युवक सड़क हादसे का शिकार हो गए. घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, रास्ते में उनकी बाइक सड़क किनारे लगे एक पेड़ से टकरा गई, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं अन्य दो युवकों को घायल अवस्था में जैजैपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है. हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है. तीनों युवक जांजगीर जिले के ग्राम रिंगनी के निवासी हैं और वे मां चंद्रहासिनी के दर्शन के लिए चंद्रपुर जा रहे थे।

उतई सीआईएसएफ बटालियन के सामने धान से भरे एक ट्रक में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाए जिला दुर्ग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि २३ फरवरी रविवार को उतई में सीआईएसएफ बटालियन के सामने रिमपाल सिंह के धान से भरे ट्रक क्रमांक सीजी ०४ जेसी ९०५२ पर आग लगने की सूचना मिली। अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन की दमकल टीमों को तत्काल रवाना किया गया। वहाँ पहुँचकर अग्निशमन कर्मियों ने जलते हुए धान से भरे ट्रक पर काबू पाया। आग पर काबू पाने में १ अग्निशमन गाड़ी पानी उपयोग किया गया और आग को आसपास के इलाको की तरफ बढ़ने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टला।

दिल्ली विधानसभा का सत्र शुरू, सीएम रेखा गुप्ता समेत अन्य विधायकों ने ली शपथ, कल पेश होगी सीएजी रिपोर्ट

नई दिल्ली, 24 फरवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली में नई सरकार के गठन के बाद विधानसभा सत्र भी आज शुरू हो गया। दिल्ली विधानसभा सत्र आज शुरू होते ही नवनिर्वाचित विधायकों ने सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। एलजी वीके सक्सेना ने अरविंदर सिंह लवली को प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ दिलाई, जो नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। बाद में विधानसभा में स्पीकर का चुनाव होगा। 25 फरवरी को एलजी विधानसभा सत्र को संबोधित करेंगे। सबसे पहले दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली ने शपथ दिलाई। इसके बाद दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा और रविंदर इंद्राज सिंह ने दिल्ली विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।

जंगल सफारी के लिए नागालैंड से लाए जा रहे थे हिमालयन भालू एक भालू की रास्ते में हुई मौत

रायपुर 24 फरवरी (हाईवे चैनल)। जंगल सफारी के लिए नागालैंड से हिमालयन भालू का जोड़ा लाया जा रहा था, जिसमें से नर भालू की रास्ते में मौत हो गई है. अब पोस्ट मार्टम रिपोर्ट का इंतजार है, जिसके बाद तय होगा कि भालू को मौत कैसे हुई. बता दे कि नंदनवन जंगल सफारी के बीच वन्यजीवों की अदला-बदली जारी है. एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत यहां से पांच चीतल और दो ब्लैक बैग लेकर दो विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम नागालैंड गई थी, और वापसी में वहां से दो हिमालयन भालू लेकर निकली थी. लेकिन सिर्फ एक मादा हिमालयन भालू जंगल सफारी में तीन दिन पहले पहुंची है, जिसे क्वारेंटाइन में रखा गया है. एक नर हिमालयन भालू की रास्ते में 19 फरवरी को मौत हो गई थी. भालू की मौत की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है. जंगल सफारी के प्रमुख अधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि नागालैंड से नर-मादा भालू ला रहे थे. ट्रांसपोर्टिंग के दौरान नर भालू की मौत हुई है. नागालैंड में पाला हुआ भालू था. ह्यूमन टच भी एक वजह हो सकता है, जिसके चलते भालू की मौत हुई है. जांच जारी है. हमारे पास पहले ही दो मादा भालू हैं. और दो भालुओं को लाया जा रहा था. भविष्य में और भी जानवर लाने की प्लानिंग है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पीएम मोदी बोले- दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत

नई दिल्ली, 24 फरवरी (न्यूज चैनल)। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भोपाल में वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया और उद्योग, स्टार्टअप और अन्य पर मध्य प्रदेश सरकार की 18 नीतियों का अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही मध्य प्रदेश को निवेश केंद्र बनाएगी। मोदी ने कहा कि विकसित मध्य प्रदेश से विकसित भारत की यात्रा में आज का ये कार्यक्रम बहुत अहम है। इस भव्य आयोजन के लिए मैं मोहन यादव जी और उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के इतिहास में ऐसा अवसर पहली बार आया है, जब पूरी दुनिया भारत के लिए इतनी आशावादी है। पूरी दुनिया में चाहे सामान्य जन हो, अर्थनीति के विशेषज्ञ हो, विभिन्न देश हो या फिर संस्थान इन सभी को भारत से बहुत आशाएं हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही विश्व बैंक ने कहा है कि भारत आने वाले वर्षों में ऐसे ही दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। कुछ ही दिन पहले जलवायु परिवर्तन पर ह्व की एक संस्था ने भारत को सौर ऊर्जा की सुपरपॉवर कहा था। इस संस्था ने ये भी कहा कि जहां कई देश सिर्फ बातें करते हैं, वहीं भारत नतीजे लाकर दिखाता है।

मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश जनसंख्या के हिसाब से भारत का 5वां सबसे बड़ा राज्य है। मध्य प्रदेश कृषि के मामले में भारत के टॉप के राज्यों में है। खनीज के हिसाब से भी मध्य प्रदेश देश के टॉप 5 राज्यों में है। मध्य प्रदेश को जीवनदायिनी मां नर्मदा का भी आशीर्वाद प्राप्त है। मध्य प्रदेश में हर वो संभावना है, हर वो संभावना है जो इस राज्य को जीडीपी के हिसाब से भी देश के टीओपी 5 राज्यों में ला सकता है। उन्होंने कहा कि बीते 2 दशकों में मध्य प्रदेश ने परिवर्तन का नया दौर देखा है। एक समय था जब यहां बिजली और पानी की बहुत सारी दिक्कतें थीं। कानून-व्यवस्था की स्थिति तो और भी खराब थी। ऐसी हालत में यहां इंडस्ट्री का विकास बहुत मुश्किल था।

'शिंदे ने किसे टारगेट किया ये साफ नहीं', पूर्व सीएम के बयान पर बोले अजित पवार

नई दिल्ली, 24 फरवरी (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने एकनाथ शिंदे की मुझे हल्के में मत लो वाली टिप्पणी पर उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि उनकी टिप्पणी का निशाना कौन था। यहां 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए, पवार ने आश्चर्य जताया कि क्या शिंदे का यह कहना था कि शिवसेना-यूबीटी या किसी और को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। शिंदे, जिन्होंने पवार के बाद बात की, ने विस्तार से नहीं बताया और केवल इतना कहा कि मुझे हल्के में न लें टिप्पणी दो साल पहले हुई एक घटना का संदर्भ थी। पवार ने कहा कि हाल ही में शिंदे ने एक मुहावरा इस्तेमाल किया था मुझे हल्के में मत लेना। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि उन टिप्पणियों का निशाना कौन था। पवार ने तालकटोरा स्टेडियम में शिंदे, जो डिप्टी सीएम भी हैं, की मौजूदगी में कहा, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि मशाल को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए या किसी और को उसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। मशाल उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना-यूबीटी का चुनाव चिन्ह है।

तेलंगाना सुंरग हादसे पर मंत्री बोले- अंदर फंसे लोगों के बचने की उम्मीद बेहद कम

नई दिल्ली, 24 फरवरी (न्यूज चैनल)। तेलंगाना के श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग हादसे को लेकर बचाव अभियान अभी भी जारी है। बचाव दल अंदर फंसे लोगों को निकालने की कोशिश में जुटे हुए हैं। तेलंगाना के मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने सोमवार को कहा कि दो दिन पहले श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के निर्माणाधीन खंड के आंशिक रूप से ढहने के बाद उसमें फंस गए आठ लोगों के बचने की संभावना अब 'बहुत कम है। हालांकि उन तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि 2023 में उत्तराखंड में 'सिल्कयारा बेंड-बरकोट' सुरंग में फंसे निर्माण श्रमिकों को बचाने वाले रैट माइनर्स की एक टीम लोगों को निकालने के लिए बचाव दल में शामिल हो गई है। मंत्री ने कहा कि फंसे हुए लोगों को बचाने में कम से कम तीन से चार दिन लगेंगे, क्योंकि दुर्घटना स्थल कीचड़ और मलबे से भरा हुआ है जिससे बचाव दल के लिए यह एक मुश्किल काम बन गया है।

अमेरिकन एयरलाइंस की न्यूयॉर्क-दिल्ली उड़ान को बम की धमकी, रास्ता डाइवर्ट कर रोम भेजा विमान

नई दिल्ली, 24 फरवरी (न्यूज चैनल)। न्यूयॉर्क से दिल्ली जा रहे अमेरिकन एयरलाइंस के विमान को रविवार शाम 'बम की संदिग्ध धमकी' मिलने के बाद उसका मार्ग परिवर्तित कर रोम की ओर भेज दिया गया और जांच के बाद इसे फिर से उड़ान भरने की मंजूरी दे दी गई। अधिकारियों के मुताबिक इस विमान में 199 यात्री और चालक दल के 15 सदस्य सवार थे। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने ' बताया कि चालक दल द्वारा सूचना दिए जाने के बाद अमेरिकन एयरलाइंस की उड़ान 'एए292% का मार्ग परिवर्तित किया गया और उसे रोम की ओर भेज दिया गया।

एफएए ने बताया कि विमान को स्थानीय समयानुसार शाम करीब साढ़े पांच बजे रोम के लियोनार्डो दा विंची अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतारा गया। 'पीटीआई को दिए गए एक बयान में अमेरिकन एयरलाइंस ने कहा कि उड़ान संख्या 292 का 'संभावित सुरक्षा कारणों से मार्ग परिवर्तित किया गया और उसे रोम की ओर भेजा गया। विमानन कंपनी ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि विमान रोम में सुरक्षित उतर गया और कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने निरीक्षण कर विमान को फिर से उड़ान भरने की अनुमति दे दी।